आकाशवाणी चंडीगढ़

21 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) ने अपने पेटफॉर्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लेन देन में 33 प्रतिशत की कटौती की।
- एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह अगले वायु सेना प्रमुख नियुक्त किए गए।
- केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस पार्टी पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया।
- जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने कहा कि इस बार भी हरियाणा सरकार जे.जे.पी के सहयोग से बनेगी।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार तेज हुआ।
  केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कई नेताओं ने जनसभाओं को संबोधित किया।

*****************************************************************************

केंद्र सरकार द्वारा सौ दिन के दौरान उठाये गए कदमों कि कड़ी में गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस-जीईएम ने अपने प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लेन-देन शुल्क में 33 प्रतिशत की कटौती की है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि इस से विक्रेताओं को लाभ होगा और वे ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। जीईएम ने इस दौरान अपने पोर्टल के लिए नई राज्य नीति की घोषणा भी की, जो इस वर्ष 9 अगस्त से प्रभावी हो गई है। इस नीति के अनुसार 10 लाख रुपये तक के लेन-देन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इससे पहले यह सीमा पांच लाख रुपये थी। मंत्रालय ने कहा है कि इससे जीईएम पर लगभग 97 प्रतिशत लेन-देन, शून्य शुल्क के दायरे में आ जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि बाकी लेन-देन पर नाममात्र 0.3 प्रतिशत शुल्क लगेगा जो अधिकतम तीन लाख रुपये होगा।

*****************************************************************************

एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को देश का अगला वायु सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में वायु सेना के उप-प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। अमर प्रीत सिंह इस महीने की 30 तारीख को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी से वायु सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करेंगे।

***************************************************************************

केंद्रीय क़ानून एवं  न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस पार्टी पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में जाकर भारत को बदनाम करने का प्रयास किया है। आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि नेहरू-गांधी परिवार हमेशा से ही आरक्षण के खिलाफ रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तो अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से संबंधित रिपोर्ट को लागू नहीं होने दिया। यही नहीं संविधान में सबसे ज्यादा संशोधन इंदिरा गांधी के समय में ही हुए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तो संविधान की प्रस्तावना में भी संशोधन कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आरक्षण के संबंध में भारतीय जनता पार्टी को बदनाम किया और सोशल मीडिया के माध्यम से बी जे पी के नेताओं के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया। अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा पर की गई जातिसूचक  टिप्पणी की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी भी नेता के अपमान को बर्दाश्त नहीं करती। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कथित समर्थकों ने कुमारी सैलजा के बारे में जो जातिगत अपशब्द कहे, वो कतई मान्य नहीं हैं।

***************************************************************************

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अमरीका में दिए गए बयान को लेकर आज देशभर के कई सिख संगठनों और समितियों ने गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की। यह बात भारतीय जनता पार्टी के नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि श्री गांधी की टिप्पणी ने सिख समुदाय के भीतर भय का माहौल पैदा कर दिया है। उन्होंने राहुल गांधी से अपना बयान वापस लेने का आग्रह करते हुए जोर दिया कि यह सिख प्रतिनिधिमंडल की मांग है।

***************************************************************************

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि इस बार भी हरियाणा सरकार जे जे पी के सहयोग से ही बनेगी। वे आज पिहोवा और कलायत में जे.जे.पी-ए.एस.पी गठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि जब जनता विकास कार्यों को लेकर सभी राजनीतिक दलों की तुलना करेगी तो उसमें जेजेपी का पलड़ा सबसे भारी होगा और जागरूक मतदाता जे.जे.पी-ए.एस.पी गठबंधन का साथ देगा। एक सवाल के जवाब में डॉ चौटाला ने कहा कि कांग्रेसी अपनी ही वरिष्ठ महिला नेत्री सांसद कुमारी सैलजा का अभद्र भाषा का प्रयोग करके अपमान कर रहे है, ऐसे में जनता उनसे क्या उम्मीद करेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने वरिष्ठ नेता अशोक तंवर का अपमान किया था और कुमारी सैलजा से राज्यसभा की टिकट छीनने का काम किया था।

******************************************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने जन सभाएं कर जन समर्थन मांगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आज लाडवा की शिवाला राम कुंडी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी की तारीफ की और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक परिवार तक ही सीमित है, वहाँ मुख्यमंत्री के लिए मारा मारी है। जबकि बी जे पी में योग्यता के आधार पर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी ने केवल 56 दिनों के कार्यकाल में लोकहित के लिए बेहतरीन काम किया। उन्होंने लाडवा वासियों से नायब सिंह सैनी को ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताने की अपील की।

******************************************************************************

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा ने आज झज्जर जिले के बादली हलके से कॉंग्रेस प्रत्याशी कुलदीप वत्स और कबलाना और मातनहेल में कॉंग्रेस प्रत्याशी गीता भुक्कल के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने बहादुरगढ़ के गाँव लडरावण और कनोदा में भी जनसभा की। श्री हूडा ने पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे और बी.जे.पी पर हमले किए। मातनहेल में उन्होंने किसान आंदोलन का मुद्दा भी उठाया।

******************************************************************************

पंचकूला से कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्रमोहन ने जिले में कई चुनावी सभाएं की और लोगों से वोट देने की अपील की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री पवन बंसल के पुत्र कांग्रेस नेता मनीष बंसल ने पंचकुला के औद्योगिक क्षेत्र में सैकड़ों उद्योगपतियों के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री चन्द्रमोहन के समर्थन में जनसभा का आयोजन किया। चन्द्रमोहन ने उद्योगपतियों को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनने पर उनकी सभी समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

**************************************************************************

कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कालका विधानसभा से बी.जे.पी प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा के समर्थन में आयोजित जनआशीर्वाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा को निशाने पर लेते हुए कहा कि हुड्डा साहब बी जे पी से हिसाब मांग रहे हैं, जबकि उनके खुद के खाते खराब हैं। नायब सैनी ने कहा कि उन्होंने अपने 56 दिनों का हिसाब जनता के बीच दे दिया है। श्री नायब सिंह ने कालका विधानसभा की जनता से शक्ति रानी शर्मा को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने की अपील की। बी.जे.पी प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि एक तरफ विकास को लेकर भाजपा का दृष्टिकोण स्पष्ट है, वहीं दूसरी तरफ़ कांग्रेस गुटबाजी में फंसी हुई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को विकास की ओर अग्रसर किया है। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कांग्रेस पार्टी पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया और कहा कि जिन राज्यों में कॉंग्रेस सरकार है वहां न्यूनतम समर्थम मूल्य लागू नहीं है। मुख्यमंत्री व मंत्रियों को उनकी तनख्वाह नहीं मिल रही है।

**************************************************************************

कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज भिवानी में बी जे पी प्रत्याशी घनश्याम सर्राफ के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब नौकरी की बात करने वाली कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में नौकरियों को बेचने का काम किया है। जबकि बी जे पी सरकार में ईमानदारी से मैरिट के आधार पर नौकरियां मिली है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी आरक्षण खत्म करके दबे-कुचले वर्ग को

पीछे रखना चाहते है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने  कहा कि उन्होंने अपने 56 दिन के कार्यकाल में 126 ऐतिहासिक फैसले लिए है। कांग्रेस के 10 वर्ष के कार्यकाल पर उनके 56 दिन भारी है। उन्होंने स्थानीय विधायक घनश्याम सर्राफ को  वोट देने की अपील की। इस मौके पर भिवानी-महेंद्रगढ़ से  सांसद धर्मबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

*****************************************************************************

भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त एवं बवानीखेड़ा विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी हर्षित कुमार ने ई वी एम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 3 अधिकारियों व कर्मचारियों को नोटिस जारी किया हैं। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें पोलिंग पार्टी संख्या 10 की रेखा पंवार, पोलिंग पार्टी 41 के वीरेंद्र व पोलिंग पार्टी 46 की श्वेता शामिल है। इन तीनों को 24 घंटे के भीतर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा उनके विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम  के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी। नोटिस में  इसे  एक गंभीर मामला और चुनाव कार्य के प्रति कोताही बताया गया है।

*****************************************************************************

हिसार सेना भर्ती कार्यालय द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी,अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेडमेन श्रेणी के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची 19 सितंबर को वैबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डोट एन आई सी डोट इन पर जारी कर दी गई। सेना के एक प्रवक्ता ने  चयनित उम्मीदवारों को  25 सितंबर को प्रात: 08 बजे सभी मूल दस्तावेज के साथ सेना भर्ती कार्यालय में  पहुँचने को कहा है । जिन उम्मीदवारों ने अभी तक जाति प्रमाण पत्र और  स्कूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है उन्हें  इन प्रमाण पत्रों को भी साथ लाना होगा।  सभी उम्मीदवार अपना  आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर भी साथ लाएंगे ।

*****************************************************************************